# अध्याय 14

# नटखट चूहा

## पाठ आधारित प्रश्न

1. प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए।

(i) चूहा रेशमी कपड़े से क्या बनवाना चाहता था?

(क) पेन्ट ☐ (ख) टोपी ☐

(ग) शर्ट ☐ (घ) सूट़ ☐

(ii) दुकानदार ने चूहे को कैसा कपड़ा दिया?

(क) सूती ☐ (ख) ऊनी ☐

(ग) रेशमी ☐ (घ) फटा हुआ ☐

(iii) चूहे ने अपना चेहरा किसमें देखा?

(क) दर्पण में ☐ (ख) पानी में ☐

(ग) काँच में ☐ (घ) दर्ज़ी के चश्में में ☐

(iv) दरबार में चूहे को पकड़ने के लिए कौन दौड़ा?

(क) राजा ☐ (ख) मंत्री ☐

(ग) सिपाही ☐ (घ) दरबान ☐

(v) डर से कौन काँप गया?

(क) चूहा ☐ (ख) दर्ज़ी ☐

(ग) दुकानदार ☐ (घ) राजा ☐

(vi) चूहा कैसा था?

(क) भोला–भाला ☐ (ख) नटखट ☐

(ग) सुस्त ☐ (घ) डरपोक ☐

(vii) वह बिल में बहुत दिन तक क्यों रहा?

(क) गर्मी के कारण ☐ (ख) सर्दी के कारण ☐

(ग) बारिश के कारण ☐ (घ) जुकाम के कारण ☐

(viii) चूहा तैयार होकर किधर गया?

(क) फ़िल्म देखने ☐ (ख) मेले में ☐

(ग) शहर की ओर ☐ (घ) बिल में ☐

(ix) दुकानदार ने पहले चूहे के साथ क्या किया?

(क) उसे चाय पिलाई ☐ (ख) डाँट दिया ☐

(ग) बिस्कुट दिए ☐ (घ) भगा दिया ☐

2. खाली स्थान भरिए।

(i) चूहे को दर्ज़ी पर .................................. आ गया। (गुस्सा / तरस)

(ii) कपड़े की दुकान से निकलकर चूहा .................................. की दुकान में गया। (सितारे / दर्ज़ी)

(iii) चूहा टोपी पर .................................. लगवाना चाहता था। (सितारे / फुँदने)

(iv) सिपाहियों के बीच से चूहा .................................. निकल गया। (धीरे–धीरे / सरपट)

3. नीचे दिए गए कथनों में सही कथन के लिए (✓) तथा गलत कथन के लिए (×) का चिह्न लगाइए।

(i) टोपी में दर्ज़ी ने सितारे जड़े थे। ☐

(ii) चूहे ने आइने को पटककर फोड़ दिया था। ☐

(iii) राजा ने चूहे की तुलना राजकुमार से की थी। ☐

(iv) चूहे ने राजा की नाक कुतरने की बात की थी। ☐

(v) सभी दोस्त चूहे से उसकी कहानी सुनना चाहते थे। ☐

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) चूहा कपड़ा लेकर दुकान से कैसे बाहर निकला?

______________________________________________

(ii) दर्ज़ी ने चूहे के लिए क्या सिला?

---------------------------------------------------

(iii) राजा किस बात पर अड़ा रहा?

---------------------------------------------------

(iv) राजा ने चूहे से गद्दी पर कब तक बैठने के लिए कहा?

---------------------------------------------------

(v) चूहा गद्दी से कब नीचे उतरा?

---------------------------------------------------

(vi) राजमहल से निकलकर चूहा खुशी–खुशी कहाँ गया?

---------------------------------------------------

(vii) चूहे ने अपने सभी दोस्तों को क्या कहा?

---------------------------------------------------

(viii) दर्ज़ी चूहे की किस बात से डर गया?

---------------------------------------------------

(ix) चूहा टोपी पर सितारे क्यों लगवाना चाहता था?

---------------------------------------------------

(x) चूहा टोपी पहनकर खुश क्यों हुआ और कहाँ जा पहुँचा?

---------------------------------------------------

(xi) राजा चूहे से क्यों डर गया? उसने चूहे के लिए क्या किया?

---------------------------------------------------

egyanarchive

5. नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बच्चों, एक था चूहा। बहुत ही नटखट और बड़ा ही चालाक। कुछ न कुछ शरारत करने का उसका हमेशा मन करता रहता था।

एक दिन उसने अपने दिल में सोचा– आज मैं शहर जाऊँगा। बारिश के कारण बिल से बाहर निकले बहुत दिन बीत गए हैं। घर में बैठे–बैठे दिल घबरा गया है। नटखट चूहा झटपट तैयार होकर शहर की ओर निकल पड़ा वह मस्ती से झूमता हुआ चला जा रहा था कि रास्ते में उसे एक बड़ी–सी कपड़े की दुकान दिखाई दी। दुकानदार अपनी दुकान खोल कर अंदर जा ही रहा था कि नटखट चूहा भी चुपचाप उसके पीछे अंदर चला गया। जैसे ही दुकानदार अपनी जगह पर बैठा, उसकी नज़र चूहे पर पड़ी।

(i) चूहा कैसा था?

(क) छोटा और भोला ☐ (ख) धूर्त और मोटा ☐

(ग) नटखट और चालाक ☐ (घ) छोटा और मूर्ख ☐

(ii) चूहे को किस कारण बिल से बाहर निकले बहुत दिन बीत गए थे?

(क) बारिश ☐ (ख) धूप ☐

(ग) ठंड ☐ (घ) हवा ☐

(iii) घर में बैठे–बैठे चूहे का दिल

(क) खुश हो गया था ☐ (ख) दुःखी हो गया था ☐

(ग) टूट गया था ☐ (घ) घबरा गया था ☐

(iv) चूहे का हमेशा क्या करने का मन करता था?

_______________________________________________

(v) चूहे ने अपने दिल में क्या सोचा?

_______________________________________________

6. पहले क्या हुआ–

(i) चूहा राजा के दरबार में गया। ............................................................

(ii) दर्ज़ी ने चूहे की टोपी सिल दी। ............................................................

(iii) चूहा दुकानदार के पास सितारे लेने गया। ............................................................

(iv) चूहे को रेशमी कपड़े की कतरन मिली। ............................................................

(v) चूहा सिंहासन पर बैठ गया। ............................................................

(vi) चूहा तैयार होकर शहर की तरफ़ निकल पड़ा। ............................................................

## भाषा आधारित प्रश्न

1. नीचे दिए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए।

| | शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|---|
| (i) | आइना | (क) | बर्बाद कर देना |
| (ii) | दर्ज़ी | (ख) | राजा के बैठने का आसन |
| (iii) | सुनहरे | (ग) | जल्दी से |
| (iv) | बेवकूफ़ | (घ) | शरारती |
| (v) | तहस–नहस | (ङ) | सोने के रंग के |
| (vi) | आदेश | (च) | कपड़े सिलने वाला |
| (vii) | सिंहासन | (छ) | मूर्ख |
| (viii) | झटपट | (ज) | आज्ञा देना |
| (ix) | नटखट | (झ) | शीशा |

2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम (उल्टे) शब्द लिखिए।

भोला, रात, छोटा, अंदर, आगे, खड़े, खरीदना, धीरे

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | बड़ा | ............................................ | (ii) | दिन | ............................................ |
| (iii) | बाहर | ............................................ | (iv) | पीछे | ............................................ |
| (v) | चालाक | ............................................ | (vi) | बैठे | ............................................ |
| (vii) | बेचना | ............................................ | (viii) | जल्दी | ............................................ |

3. पाठ से पाँच संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखो–

.............................. .............................. .............................. .............................. ..............................

4. पाठ से पाँच सर्वनाम शब्द ढूँढ़कर लिखो–

.............................. .............................. .............................. .............................. ..............................

5. 'सर्दी' में 'र' की आवाज़ है, जिस पर ( ॅ ) का निशान लगाकर लिखा जाता है। ऐसे ही पाँच शब्द और लिखो–

.............................. .............................. .............................. .............................. ..............................

6. एक को अनेक करो और खाली जगह भरो–

(i) बस्ते में सारी ................................................ रखी हैं। (कॉपी)

(ii) ................................................ गीत गा रही हैं। (लड़की)

(iii) लकड़हारा ................................................ काट रहा था। (लकड़ी)

(iv) उस पेड़ की सारी ................................................ झड़ चुकी थीं। (पत्ती)

(v) ................................................ पानी में तैर रही थीं। (मछली)

# रचनात्मक लेखन

1. नीचे दिए गए शब्दों और चित्रों को ध्यान से देखो और इनकी सहायता से एक–एक वाक्य बनाओ–

(i) नटखट  ..............................................................................................................

(ii) हैरान  ..............................................................................................................

(iii) राजा का  ..............................................................................................................

***********